मूल हिंदी में

भारत सरकार
पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2511
03.08.2026 को उत्तर के लिए

वृक्षारोपण के लिए निधि का उपयोग

2511. श्री नरेश चंद्र उत्तम पटेल :

क्या पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण योजनाओं के लिए उपयोग की गई निधि की सामाजिक संपरीक्षा कराई है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इन पौधों के जीवित रहने की वास्तविक दर क्या है?

<u>उत्तर</u>

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री
(श्री कीर्तवर्धन सिंह)

(क) से (ख) राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत वृक्षारोपण तथा पर्यावरणीय संरक्षण से संबंधित कार्यकलाप किए जाते हैं, जिसमें निगरानी और मूल्यांकन का कार्य संबंधित योजना के दिशानिर्देशों तथा स्थापित प्रशासनिक तंत्रों के अनुसार किया जाता है। उत्तर प्रदेश राज्य सरकार द्वारा दी सूचना के अनुसार फतेहपुर जिले में वृक्षारोपण और पर्यावरणीय संरक्षण योजनाओं के लिए उपोयग की गई निधि के संबंध में कोई भी सामाजिक संपरीक्षा नहीं कराई गई है।

****